रणजीत टाइम्स

इंदौर
शुक्रवार, 13 फरवरी, 2026
वर्ष 02 | अंक 42 कुल पृष्ठ : 8 | Digital
RNI-NO.MPHIN/2015/64585

प्रधान संपादक : गोपाल गावंडे

## बांग्लादेश चुनाव, कई सेंटरों पर फेंके बम

# वोटिंग के दौरान हुई हिंसक झड़प में बीएनपी नेता की मौत

**ढाका, एजेंसी**



बांग्लादेश में आम चुनाव के लिए वोटिंग जारी है। इस दौरान खुलना में एक वोटिंग सेंटर के बाहर जमात-ए-इस्लामी कार्यकर्ताओं के साथ झड़प में एक बीएनपी नेता मोहिबुज्जमान कोच्चि की मौत हो गई।

बीएनपी का कहना है कि उनकी मौत तब हुई जब जमात के एक नेता ने उन्हें धक्का दे दिया, जिससे वो पेड़ से टकरा गए। वहीं, जमात नेता का दावा है कि मोहिबुज्जमान हंगामे के दौरान बीमार पड़ गए थे और उन्हें हार्ट अटैक आ गया, जिससे उनकी मौत हो गई। उधर बांग्लादेश के मुंशीगंज-3 और गोपालगंज सदर इलाके में वोटिंग सेंटर के बाहर देसी बम फेंके गए। मुंशीगंज-3 में धमाके के बाद कुछ देर के लिए वोटिंग रोकी गई थी, जो अब फिर से शुरू हो गई है। वहीं गोपालगंज सदर इलाके में धमाके से दो जवान (अर्द्धसैनिक बल) और एक 14 साल की लड़की घायल हो गई। बांग्लादेश में आम चुनाव के लिए 51 राजनीतिक पार्टियां मैदान में हैं, लेकिन मुख्य मुकाबला जमात-ए-इस्लामी और बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी में माना जा रहा है।

**25 साल बाद बीएनपी सरकार के आसार, लेकिन बहुमत नहीं! - पेज 8**

### एक और हिंदू की हत्या, चाय बागान में मिली लाश

बांग्लादेश में हिंदुओं की हत्या का सिलसिला थम नहीं रहा। चुनाव के ठीक एक दिन पहले एक हिंदू की हत्या कर दी गई। घटना मौलवीबाजार जिले की है। मृतक की पहचान 28 साल के शख्स रतन शुवो के रूप में हुई है, जो चाय बागान में काम करता था। रिपोर्ट्स के मुताबिक मृतक के शरीर पर चोट के गहरे निशान थे। वहीं, चाय बागान से बरामद शव के हाथ पैर भी बंधे हुए थे, जिससे बदलते राजनीतिक माहौल में माइनॉरिटीज में नई चिंताएं पैदा हो गई हैं। स्थानीय पुलिस ने कहा कि मृतक इस्लामपुर यूनियन के तहत चंपारा टी गार्डन में काम करने वाला श्रमिक रतन शुवो है। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, लोकल लोगों ने सुबह करीब 10:00 बजे उस चाय बागान में लाश देखी जहां वह काम करता था और पुलिस को सूचना दी। बकौल प्रत्यक्षदर्शी रतन की लाश पर चोट के निशान थे और वह खून से लथपथ थी। उसके साथ काम करने वाले श्रमिक ने आरोप लगाया कि रतन को कहीं और मारा गया होगा और बाद में लाश को वहीं फेंक दिया गया होगा।

## बिहार के सुपौल जिले में शिकायत, इलाज के बहाने ले गए थे अस्पताल

# पहली पत्नी बोली, उदित ने निकलवा दिया गर्भाशय

**पटना, एजेंसी**

बॉलीवुड के मशहूर प्लेबैक सिंगर उदित नारायण एक बार फिर विवादों में घिर गए हैं। उनकी पहली पत्नी रंजना ने बिहार के सुपौल जिले के महिला पुलिस थाने में गंभीर आरोपों के साथ शिकायत दर्ज कराई है। रंजना का दावा है कि मेडिकल इलाज के बहाने उनकी जानकारी और सहमति के बिना उनका यूट्रस (गर्भाशय) निकाल दिया गया।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार रंजना मंगलवार को अपने वकील करुणाकांत झा के साथ महिला थाने पहुंचीं और एक औपचारिक आवेदन सौंपा। अपनी शिकायत में उन्होंने उदित नारायण, उनके दो भाइयों संजय कुमार झा और ललित नारायण झा और उनकी दूसरी पत्नी दीपा नारायण पर



आपराधिक साजिश (क्रिमिनल कॉन्सपिरेसी) में शामिल होने का आरोप लगाया है।

### दूसरी शादी का आरोप

रिपोर्ट के अनुसार रंजना ने अपने आवेदन में बताया कि वह सुपौल जिले के चंद्रकांत झा की 61 वर्षीय बेटी हैं। उनके अनुसार, 7 दिसंबर 1984 को उन्होंने हिंदू रीति-रिवाजों के साथ उदित नारायण से शादी की थी। उन्होंने आरोप लगाया कि 1985 में उदित नारायण सिंगिंग करियर बनाने के लिए मुंबई चले गए। रंजना का कहना है कि बाद में उन्हें मीडिया रिपोर्ट्स के जरिए पता चला कि उदित ने दीपा नारायण से दूसरी शादी कर ली है। हालांकि जब भी उन्होंने इस बारे में उदित से सवाल किया तो उन्होंने या तो इनकार किया या उन्हें गुमराह किया।

## छह राज्यों में लूट के लिए था वांटेड

# 400 किलो सोना लूटने वाला मास्टरमाइंड 'बबुआ' गिरफ्तार

**राजसमंद, एजेंसी**

देश भर में बड़ी गोल्ड लूट की वारदातों को अंजाम देने वाला मास्टरमाइंड आखिरकार राजस्थान पुलिस की गिरफ्त में आ गया है। यह है सुबोध सिंह उर्फ बबुआ। सुबोध के खिलाफ लगभग 10 साल में छह राज्यों में 400 किलो से ज्यादा सोना लूटने के केस दर्ज हैं।

राजस्थान की राजसमंद की कांकरोली पुलिस ने उसे करीब दो साल पुराने चर्चित गोल्ड लूट केस में ओडिशा से प्रोडक्शन वारंट के तहत गिरफ्तार किया। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार सुबोध ने अपने गैंग के साथ साल 2018 तक जयपुर, पुणे, नागपुर और बैरकपुर सहित कई शहरों में बड़ी वारदातें की हैं। सुबोध सिंह उर्फ बबुआ बिहार के नालंदा जिले के चिस्तीपुर गांव का रहने वाला है। 12वीं



पास इस मास्टरमाइंड ने साल 1996 से छोटे-मोटे अपराधी नेटवर्क के साथ वारदातें शुरू कीं और 1999 तक पुलिस के मुखबिर के रूप में भी काम किया। जेल में रहते हुए उसने अपने गैंग को लगातार मजबूत किया और जमानत पर छूटने के बाद बड़े ज्वेलर्स और बैंकों को टारगेट किया। हर वारदात के लिए सुबोध पूरी योजना बनाता और गैंग सदस्यों को जिम्मेदारी देता।

## यूएन की रिपोर्ट में पाक फिर बेनकाब

# लाल किला धमाके में निकला जैश का हाथ

**नईदिल्ली, एजेंसी**

लाल किले के पास 9 नवंबर को हुआ धमाका देश के लिए गहरे सदमे की तरह था। इस हमले में 15 लोगों की मौत हो गई, जबकि कई घायल हुए। ऐसे में संयुक्त राष्ट्र (यूएन) की आतंकवाद निगरानी टीम की रिपोर्ट ने इस हमले से पाकिस्तान स्थित आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद के जुड़े होने का दावा किया है। रिपोर्ट में संगठन की नई रणनीति पर चिंता जताई है, जिसमें महिलाओं के लिए अलग विंग बनाना और आतंकी गतिविधियों में उनकी भागीदारी शामिल है। इस रणनीति को लेकर विशेषज्ञों का कहना है कि इससे संगठन का नेटवर्क बढ़ सकता है और सुरक्षा एजेंसियों की नजर से बचने में मदद मिल सकती है। दूसरी ओर यूएन सुरक्षा परिषद को सौंपी गई रिपोर्ट में एनालिटिकल सपोर्ट एंड सैंक्शंस मॉनिटरिंग टीम ने बताया कि एक सदस्य देश ने जानकारी दी है कि जैश-ए-मोहम्मद ने लाल किले पर हुए हमले की जिम्मेदारी ली थी।

## दिल्ली में मरीज, गुजरात में डॉक्टर... एक दिन में हुए चार ऑपरेशन

# 1200 किमी दूर से सफल सर्जरी, गंगाराम अस्पताल ने रचा इतिहास

**नईदिल्ली. एजेंसी**

क्या आपने कभी सोचा था कि ऐसा वक्त भी आएगा कि कोई डॉक्टर 1200 किलोमीटर दूर बैठकर मरीज का आसानी से ऑपरेशन कर देगा और मरीज स्वस्थ रहेगा। टेलीसर्जरी से ऐसा संभव करके दिल्ली के सर गंगाराम हॉस्पिटल ने इतिहास रच दिया है। पहले नंबर पर चीन है, जिसने 8000 किलोमीटर दूर बैठकर टेली सर्जरी के जरिए मरीज का ऑपरेशन करके पहली बार मेडिकल की दुनिया में क्रांति ला दी थी।

अब दूसरे नंबर पर सर गंगाराम हॉस्पिटल आ गया है। अस्पताल ने 1200 किलोमीटर दूर यानी गुजरात के एक डॉक्टर की मदद लेकर टेलीसर्जरी के जरिए गंगाराम अस्पताल में ऑपरेशन करके मरीज की जान बचा ली। एक दिन में चार ऑपरेशन इसी तरह किए गए और




चारों सफल रहे। इस सर्जरी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई यूरोलॉजिस्ट और रोबोटिक कोऑर्डिनेटर डॉक्टर अजय शर्मा, सीनियर कंसल्टेंट डॉक्टर विपिन त्यागी, सीनियर कंसल्टेंट डॉक्टर तरुण मित्तल, सीनियर कंसल्टेंट डॉ. अनमोल आहूजा, सीनियर कंसल्टेंट डॉ. आशीष डे और सीनियर कंसल्टेंट डॉक्टर मुकुंद खेतान ने। जाने-माने यूरोलॉजिस्ट और रोबोटिक कोऑर्डिनेटर डॉक्टर अजय शर्मा ने बताया कि 'दुनिया मेडिकल की फील्ड में तेजी से आगे बढ़ रही है। पूरी दुनिया भर में मेडिकल की सुविधाओं को कस्बों और गांव तक पहुंचाने का काम आसानी से किया जा रहा है। ऐसे में भारत पीछे क्यों रहे। इसीलिए हमने सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए गंगाराम अस्पताल में आए हुए एक मरीज की टेली सर्जरी की और इसमें हमने मदद ली गुजरात के वापी स्थित एक अस्पताल के डॉक्टर की। दोनों अस्पतालों ने मिलकर इस पूरी सर्जरी को सफलतापूर्वक अंजाम दिया। पहला ऑपरेशन किडनी की पैदाइशी बीमारी का था, जिसमें पेशाब नीचे जाने में रुकावट हो जाती है और किडनी में सूजन आ जाती है। दूसरा अपेंडिक्स का, तीसरा गॉलब्लैडर का था और चौथा हर्निया का। चारों ही मरीज स्वस्थ हैं और अपने-अपने घर जा चुके हैं।

### भविष्य में रोबोट कर लेंगे सर्जरी

अस्पताल के विशेषज्ञों का कहना है कि रोबोटिक और टेली सर्जरी बहुत तेजी से आगे बढ़ रही है। ऐसे में डॉक्टर को सिर्फ मरीज की पूरी जानकारी रोबोट के अंदर फ़ीड करनी होगी। इसके बाद रोबोट खुद ही सर्जरी कर लेगा। अभी रोबोटिक सर्जरी हो या फिर टेली सर्जरी उसमें डॉक्टर को ही करना होता है, बस फर्क कितना है कि रोबोट और टेली सर्जरी की मदद ली जाती है, लेकिन आने वाले वक्त में रोबोट खुद ही कर लेंगे और ओपन सर्जरी को रोबोटिक सर्जरी रिप्लेस भी कर देगी। बता दें कि रोबोटिक सर्जरी और टेली सर्जरी इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि ओपन सर्जरी में मरीज को एक लंबा चीरा लगाकर ऑपरेशन किया जाता था, जिस वजह से मरीज को स्थिर होने में वक्त लगता था। इसमें छोटा चीरा लगता है और ऑपरेशन जल्दी हो जाता है।

# राजवाड़ा क्षेत्र में यातायात व्यवस्था सुधार हेतु डीसीपी श्री राजेश कुमार त्रिपाठी के साथ नगर निगम अपर आयुक्त द्वारा मुख्य बाजारों में पैदल भ्रमण





आदित्य शर्मा

## पार्किंग स्थलों पर दिशासूचक बोर्ड, रोड मार्किंग सहित आवश्यक सुधार किए जाएंगे

इंदौर शहर में सुचारू, सुरक्षित एवं व्यवस्थित यातायात व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस आयुक्त नगरीय इंदौर श्री संतोष कुमार सिंह के मार्गदर्शन में, अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (अपराध/मुख्यालय) श्री आर. के. सिंह एवं पुलिस उपायुक्त (प्रभारी यातायात) श्री राजेश कुमार त्रिपाठी के निर्देशन में यातायात पुलिस इंदौर द्वारा निरंतर प्रभावी प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में यातायात पुलिस द्वारा लगातार किए जा रहे प्रयासों एवं नियमित भ्रमण के परिणामस्वरूप राजवाड़ा क्षेत्र में यातायात व्यवस्था में सुधार हुआ है तथा यातायात अधिक सुगमता से संचालित हो रहा है पुलिस उपायुक्त (प्रभारी यातायात) श्री राजेश कुमार त्रिपाठी के साथ नगर निगम अपर आयुक्त,



यातायात पुलिस एवं नगर निगम की संयुक्त टीम तथा व्यापारी संगठनों के प्रतिनिधियों द्वारा राजवाड़ा क्षेत्र के प्रमुख बाजारों में 3 घण्टे पैदल भ्रमण कर निरीक्षण किया गया। इस दौरान राजवाड़ा, सराफा, कपड़ा मार्केट, खजूरी बाजार, सुभाष चौक एवं आसपास के निर्धारित पार्किंग स्थलों का निरीक्षण कर यातायात व्यवस्था का विस्तृत जायजा लिया गया। निरीक्षण के दौरान निम्न महत्वपूर्ण बिंदुओं पर कार्यवाही एवं सुधार की बात की गई विभिन्न पार्किंग स्थलों तक वाहन चालकों को पहुंचने में सुविधा हेतु दिशासूचक (Direction Boards) लगाए जाएंगे। दुकानों के सामने एवं सड़क किनारे नए सिरे से सफेद रोड मार्किंग (White Line Marking) की जाएगी, जिससे सड़क का सीमांकन स्पष्ट हो सके। निर्धारित पार्किंग स्थलों का निरीक्षण कर पार्किंग व्यवस्था को व्यवस्थित करने हेतु आवश्यक सुधार किए जाएंगे।

बाजार भ्रमण के दौरान दुकानदारों एवं व्यापारियों से अनुरोध किया गया कि वे अपने वाहन निर्धारित पार्किंग स्थलों पर ही खड़े करें, जिससे यातायात बाधित न हो। व्यापारी संगठनों द्वारा यातायात पुलिस एवं नगर निगम को पूर्ण सहयोग देने की सहमति व्यक्त की गई। भ्रमण के दौरान नो पार्किंग में खड़े वाहनों पर नियमानुसार कार्यवाही भी की गई। यातायात व्यवस्था को और अधिक सुचारू बनाने हेतु पेट्रोलिंग पार्टियों द्वारा लगातार भ्रमण कर निगरानी की जाएगी तथा आवश्यकतानुसार तत्काल कार्यवाही की जाएगी। यातायात पुलिस इंदौर द्वारा आमजन से अपील की जाती है कि वे शहर में यातायात व्यवस्था बनाए रखने हेतु निर्धारित पार्किंग स्थलों का उपयोग करें, नो पार्किंग में वाहन खड़ा न करें तथा यातायात नियमों का पालन कर यातायात पुलिस का सहयोग करें।

# आबकारी इंदौर की कार्यवाही



आदित्य शर्मा

इंदौर कलेक्टर महोदय जिला-इंदौर , श्रीमान शिवम वर्मा जी के आदेश एवं सहायक आयुक्त आबकारी श्री अभिषेक तिवारी जी के द्वारा दिये निर्देशानुसार आज दिनांक 10/02/2026को कंट्रोल रूम प्रभारी श्री देवेश चतुर्वेदी जी और सहायक जिला आबकारी अधिकारी श्री मनोज कुमार अग्रवाल के नेतृत्व में आबकारी उपनिरीक्षक आशीष कुमार जैन वृत्त आंतरिक क्षेत्र क्रमांक 01 की टीम के द्वारा अवैध मदिरा के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही की गई कार्यवाही में गीताभवन क्षेत्र में एक दो पहिया वाहन क्र MP09SS1272 सफेद रंग की एक्टिवा (स्कूटी) पर परिवहन कर ले जाई जा रही 02 पेटी (100 पाव)देशी मदिरा प्लेन बरामद की गई , बरामद मदिरा को वाहन सहित जप्त कर आरोपी रवि पिता नंदकिशोर महावर उम्र 37 वर्ष निवासी विनोबा नगर इंदौर के विरुद्ध आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34 (1) क के तहत प्रकरण पंजीबध्द किया गया। मदिरा व वाहन का कुल बाजार मूल्य लगभग 60000/- रुपए है। कार्यवाही में आबकारी आरक्षकनिहाल सिंह बुंदेला, मुकेश रावत , विपुल खरे ,वीरेन्द्र पटेल,मुकेश चौहान, विनिता नगराज ,नर्मदा अलावा का सराहनीय योगदान रहा ।

# मजदूर हितों के पुरोधा स्वर्गीय विष्णु उस्ताद की 24वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि

## इंदौर मिल मजदूर संघ कार्यालय में हुआ आयोजन

रणजीत टाइम्स

**इंदौर। मजदूर आंदोलन के सशक्त स्तंभ और इंदौर मिल मजदूर संघ इंटक के पूर्व अध्यक्ष विष्णु उस्ताद की 24वीं पुण्यतिथि श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। 12 फरवरी को इंदौर मिल मजदूर संघ कार्यालय में सुबह 11 बजे आयोजित इस कार्यक्रम में संघ के पदाधिकारियों और मजदूर साथियों ने उनके चित्र पर पुष्पमाला अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी और उनके संघर्षपूर्ण जीवन तथा मजदूर हित में किए गए कार्यों को स्मरण किया।**



कार्यक्रम की शुरुआत स्वर्गीय विष्णु उस्ताद के चित्र पर पुष्प अर्पण के साथ हुई। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि विष्णु उस्ताद ने अपने पूरे जीवन को श्रमिक वर्ग के अधिकारों, सम्मान और सामाजिक न्याय के लिए समर्पित किया। वे केवल एक पदाधिकारी नहीं, बल्कि मजदूरों की आवाज और उनके संघर्षों के मार्गदर्शक थे। उनके नेतृत्व में इंदौर मिल मजदूर संघ ने अनेक आंदोलनों और प्रयासों के माध्यम से श्रमिकों के अधिकारों की रक्षा की और उन्हें संगठित शक्ति का एहसास कराया। पुण्यतिथि कार्यक्रम में इंदौर मिल मजदूर संघ इंटक के अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण पाठक सहित हरनाम सिंह धारीवाल, जानकीलाल पटेरिया, देवीसिंह सेंगर, शिव प्रसाद, कन्हैया मरमट, गोपाल सिंह राठौर, केदारनाथ यादव, प्रकाश और बड़ी संख्या में मजदूर साथी उपस्थित रहे। सभी ने एक स्वर में कहा कि स्वर्गीय विष्णु उस्ताद का जीवन आज भी मजदूर आंदोलन के लिए प्रेरणास्त्रोत है और उनके विचार वर्तमान समय में भी उतने ही प्रासंगिक हैं। कार्यक्रम में वक्ताओं ने यह भी कहा कि विष्णु उस्ताद ने कठिन परिस्थितियों में भी मजदूरों का साथ नहीं छोड़ा और हर मोर्चे पर उनके अधिकारों के लिए डटकर खड़े रहे। उनकी सादगी, संघर्षशीलता और निडरता आज भी संगठन के लिए मार्गदर्शक सिद्धांत हैं। उपस्थित सभी मजदूरों ने उनके बताए रास्ते पर चलने और मजदूर एकता को मजबूत करने का संकल्प लिया।

### कार्यक्रम की जानकारी हरनाम सिंह धारीवाल ने दी

श्रद्धांजलि सभा के अंत में दो मिनट का मौन रखकर स्वर्गीय विष्णु उस्ताद की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई। कार्यक्रम पूरे वातावरण को सम्मान, स्मृति और प्रेरणा से भर गया।

# मानवता की मिसाल: वृद्ध ऊंट बाबा का सफल रेस्क्यू

9 जनवरी, सोमवार को मुझे (अमृता सुनील सावंत) पशु सेवक मीनाक्षी शुक्ला जी का एक संदेश प्राप्त हुआ। उन्होंने बताया कि एक वृद्ध ऊंट, जिन्हें स्नेह से "ऊंट बाबा" कहा जाता है और जिनकी देखरेख वे करती हैं, तालाब के पास एक गहरे गड्ढे में गिर गए हैं। ऊंट बाबा पहले से ही ट्यूमर जैसी गंभीर बीमारी से जूझ रहे थे और उम्रदराज होने के कारण स्वयं बाहर निकल पाना उनके लिए असंभव था। मीनाक्षी जी ने इससे पहले भी कई लोगों से मदद की गुहार लगाई थी, यहां तक कि नगर निगम की टीम भी मौके पर पहुंची, लेकिन प्रयास असफल रहा।

जब मुझे पता चला कि अब तक कोई मदद नहीं पहुंची है और ऊंट बाबा अब भी उसी गड्ढे में फंसे हैं, तो पशु प्रेम और मानवता के नाते मैंने तुरंत अपने संपर्कों से बात करना शुरू किया। क्रेन और जेसीबी का खर्च 5 से 6 हजार रुपये बताया गया, लेकिन उस समय हमारे लिए सबसे महत्वपूर्ण था



उस बेजुबान जानवर की जान बचाना।

इसी दौरान मेरी बड़ी बहन नम्रता सावंत द्वारा दिया गया एक संपर्क हमारे लिए भगवान का रूप बनकर सामने आया- समाजसेवी सिद्धार्थ शर्मा जी। मैं, मेरी दीदी और सिद्धार्थ भैया उस स्थान पर पहुंचे जहां ऊंट बाबा फंसे थे। सिद्धार्थ भैया ने इस रेस्क्यू को गंभीरता से लेते हुए तुरंत अपनी टीम और संपर्कों को सक्रिय किया। जिस कार्य के लिए 5–6 हजार रुपये का खर्च बताया जा रहा था, वह पूरा कार्य उन्होंने निशुल्क करवाया। मैं एक ऐसे परिवार से हूं जहां बचपन से सेवा, सहयोग और मानव धर्म सिखाया गया है। मैं स्ट्रीट डॉग्स की सेवा करती हूं, पर एक विशालकाय ऊंट का रेस्क्यू करना बिल्कुल अलग और चुनौतीपूर्ण था। फिर भी हमने हार नहीं मानी-और हमारी कोशिश रंग लाई। इस सफल रेस्क्यू में मुख्य भूमिका रही- अमृता सावंत, मीनाक्षी शुक्ला और सिद्धार्थ शर्मा की। साथ ही पूरा सहयोग मिला-सीमा महंत, जीतू पटीदार जी, नरेंद्र भैया और नम्रता सावंत का। टीमवर्क, सेवा भाव और दृढ़ निश्चय के कारण वृद्ध ऊंट बाबा को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। संयोग भी देखिए- दिन था सोमवार, देवाधिदेव महादेव पशुपतिनाथ का। ऐसे पावन दिन पर यह रेस्क्यू सफल होना मानो ईश्वरीय आशीर्वाद था।

इस पूरी घटना में सबसे महत्वपूर्ण था- एक कोशिश अगर वह एक कॉल सिद्धार्थ भैया को न किया होता, तो शायद हम भी सोचते कि "हमसे नहीं होगा, कोई और कर लेगा।" लेकिन जब एक व्यक्ति पूरी निष्ठा से लगा हो, तो उसका साथ देना हमारा कर्तव्य बन जाता है। नियत साफ हो और सेवा भाव सच्चा-तो भगवान किसी न किसी रूप में साथ जरूर देते हैं।

# शिवाजी पब्लिक स्कूल में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**खेलकूद से होता है बच्चों का शारीरिक और मानसिक विकास- दिनेश सिंह परिहार**




**दिव्यानंद अर्गल**

मालनपुर शिवाजी पब्लिक स्कूल में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ बड़े उत्साह और उल्लास के साथ किया गया। कर किया गया कार्यक्रम का आयोजन विद्यालय परिसर में खेल ग्राउंड में किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। प्रतियोगिता के शुभारंभ अवसर पर स्कूल संचालक दिनेश सिंह परिहार उर्फ बंटू मुख्य रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ की गई। इसके पश्चात विद्यार्थियों द्वारा आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं, जिन्होंने उपस्थित अभिभावकों और अतिथियों का मन मोह लिया। वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता के अंतर्गत कबड्डी, खो-खो, चेयर रेस, दौड़ प्रतियोगिता सहित कई अन्य खेलों का आयोजन किया गया। विभिन्न वर्गों में आयोजित प्रतियोगिताओं में छात्रों ने अपनी प्रतिभा, ऊर्जा और खेल भावना का शानदार प्रदर्शन किया। कबड्डी और खो-खो मुकाबलों में खिलाड़ियों ने रोमांचक प्रदर्शन करते हुए दर्शकों की खूब तालियां बटोरीं, वहीं छोटे बच्चों की चेयर रेस विशेष आकर्षण का केंद्र रही। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संचालक दिनेश सिंह परिहार ने कहा कि खेलकूद प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों के शारीरिक और मानसिक विकास के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। खेलों से अनुशासन, टीम भावना और आत्मविश्वास का विकास होता है। उन्होंने सभी प्रतिभागियों की सराहना करते हुए उन्हें आगे भी इसी उत्साह के साथ भाग लेने के लिए प्रेरित किया। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। विजेताओं के चेहरों पर खुशी साफ झलक रही थी। विद्यालय प्रबंधन ने सभी प्रतिभागियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम के समापन पर विद्यालय स्टाफ एवं अभिभावकों ने आयोजन की सराहना की और इसे विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल बताया। पूरे आयोजन के दौरान विद्यालय परिसर में उत्साह और उमंग का माहौल बना रहा।

# सादी का झांसा देकर महिला के साथ हुआ दुष्कर्म पुलिस ने अपराधी को किया गिरफ्तार कोर्ट में किया पेश



**प्रदीप सिंह बघेल**

द एक विवाहित महिला द्वारा थाना सिंहपुर में उपस्थित होकर रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि वर्ष 2022 में उसकी जान-पहचान ग्राम केलमनिया निवासी रामसुफल बैगा से हुई थी। आरोपी द्वारा उसे पति को छोड़कर विवाह करने का प्रलोभन दिया गया तथा शादी का झांसा देकर कई बार शारीरिक संबंध स्थापित किए गए।

बाद में आरोपी द्वारा विवाह करने से इंकार कर दिया गया। फरियादिया की रिपोर्ट पर थाना सिंहपुर में आरोपी के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में अपराध प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। मामले की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए थाना सिंहपुर पुलिस द्वारा आरोपी की सतत् तलाश की गई। परिणामस्वरूप दिनांक 11.02.2026 को आरोपी रामसुफल बैगा निवासी ग्राम केलमनिया को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

**सराहनीय भूमिका**

उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी सिंहपुर निरीक्षक एम.एल. राहंगडाले के नेतृत्व में विवेचक उप निरीक्षक आशीष झारिया, प्र.आर. शेषमणि मार्को, आरक्षक आलोक सिंह एवं आरक्षक हीरालाल महरा की सराहनीय भूमिका रही।

# अवैध रेत परिवहन पर पुलिस सख्त,कार्यवाही कर ट्रैक्टर-ट्राली किया जप्त

प्रदीप सिंह बघेल

शहडोल पुलिस अधीक्षक श्री रामजी श्रीवास्तव के निर्देशन में शहडोल जिले में खनिजो के अवैध उत्खन एवं परिवहन की रोकथाम हेतु निरंतर कार्यवाही की जा रही है। इसी अनुक्रम में अवैध उत्खनन एवं परिवहन के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना देवलोंद पुलिस को अवैध रेत परिवहन की सूचना प्राप्त हुई। जिस पर थाना देवलोंद पुलिस द्वारा के थाना प्रभारी उ.नि. सुभाष दुबे के नेतृत्व में सहा. उप.नि. इन्दलाल पुरी, सउनि महेश झा, आर. अभिषेक तिवारी, आर. आदित्य सिंह एवं चालक रजनीश विश्वकर्मा के साथ ग्राम झिरिया मौहार के पास दबिश दी गई। मौके पर एक लाल रंग



का बिना नंबर का मैसी फर्गुसन ट्रैक्टर व ट्राली में आधी ट्राली रेत भरा हुआ पाया गया। मौके पर पूछताछ करने पर चालक ने अपना नाम ददोल बैस पिता मंगलदीन बैस, निवासी ग्राम झिरिया थाना देवलोंद जिला शहडोल (म.प्र.) बताया। रेत परिवहन संबंधी कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किए गए। उक्त ट्रैक्टर-ट्राली एवं रेत जप्त किया गया, जिसकी कुल अनुमानित कीमत 4,83,500 रूपये (ट्रैक्टर-ट्राली 4,80,000 रूपये एवं रेत 3,500 रूप्ये) है।

संबंधित के विरुद्ध बी.एन.एस., खनिज अधिनियम एवं एम. व्ही. एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया तथा जप्त वाहन थाना परिसर में सुरक्षित रखा गया है।

# श्री आरजीपी गुजराती प्रोफेशनल इंस्टीट्यूट में 12 फरवरी 2026 को वार्षिक सांस्कृतिक उत्सव





इंदौर। "होराइजन–2026" का उत्साहपूर्ण एवं सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ. अरुण अग्रवाल (कैंसर सर्जन), विशिष्ट अतिथि श्री जयेश शाह, गुजराती समाज के अध्यक्ष श्री दीपकभाई सोनी, संस्था के चेयरमैन श्री पंकजभाई ठक्कर तथा संस्था की निदेशक डॉ. रवलीन कौर उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में गुजराती समाज के वरिष्ठ सदस्य, शिक्षकीय एवं अशैक्षणिक स्टाफ तथा विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। इस वर्ष वार्षिक उत्सव की थीम "रेट्रो टू मेट्रो" रही। कार्यक्रम की शुरुआत गणेश वंदना से हुई तथा समापन शिव तांडव की प्रभावशाली प्रस्तुति के साथ हुआ। प्रतिभागियों ने 80's, 90's, Gen-Z, टॉलीवुड एवं पंजाबी थीम पर आधारित समूह नृत्य प्रस्तुत किए। इसके अतिरिक्त हिप-हॉप, शास्त्रीय एवं समकालीन शैलियों में एकल प्रस्तुतियाँ भी दी गईं। साथ ही अभिनेता धर्मेंद्र जी को श्रद्धांजलि स्वरूप एक विशेष प्रस्तुति ने दर्शकों को भावविभोर कर दिया। इन मनमोहक प्रस्तुतियों ने उपस्थित जनों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

इस अवसर पर निदेशक डॉ. रवलीन कौर ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए वर्षभर की गतिविधियों एवं स्टाफ की उपलब्धियों का विस्तृत विवरण दिया। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ. रुचिता शांडिल्य ने किया तथा आभार प्रदर्शन डॉ. नीलिमा राय चौकसे ने व्यक्त किया। सभी अतिथियों ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। अनुशासित एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में कार्यक्रम संपन्न हुआ। विद्यार्थियों एवं स्टाफ की सक्रिय सहभागिता ने आयोजन को सफल एवं यादगार बना दिया। कार्यक्रम की मीडिया प्रभारी डॉ. श्वेता जैन ने बताया कि द्वितीय सत्र में इंटर कॉलेज म्यूजिक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता के निर्णायक श्रीनिवास पुजारी, जयमाला विजय एवं माधवी वैद्य रहे। इसमें शहर के विभिन्न महाविद्यालयों के लगभग 30 प्रतिभागियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. बरखा गुप्ता, प्रो. जाहिरा कुरैशी एवं डॉ. नीतिकेश मित्तल ने किया तथा आभार प्रदर्शन प्रो. प्रियंका तिवारी ने व्यक्त किया। कार्यक्रम का समापन सामूहिक भोज के साथ हुआ।

# सूक्ष्म चक्रों, नाड़ी तंत्र व कुंडलिनी शक्ति का विज्ञान है सहजयोग

रणजीत टाइम्स

परम पूज्य श्री माताजी निर्मला देवी जी ने सहजयोग में मानव शरीर की संरचना की अत्यंत सूक्ष्म व्याख्या की है इस व्याख्या को आत्मसात कर हम अपने उत्थान का मार्ग प्रशस्त कर सकते हैं। सामान्यत: हम सभी इस तथ्य से परिचित हैं कि मानव शरीर पंचमहाभूतों (भूमि, आकाश, वायु, अग्नि व जल) से मिलकर बना है। सनातन काल से हमारे मनुऋषियों ने मानव शरीर में स्थित नाड़ियों (ईड़ा, पिंगला व सुषुम्ना) व चक्रों (मूलाधार, स्वाधिष्ठान, मणिपुर, हृदय, विशुद्धि, आज्ञा व सहस्त्रार) की व्याख्या भी की है तथा आधुनिक चिकित्सा शास्त्र ने भी हमारे तंत्रिका तंत्र की व्याख्या की है, परंतु सामान्य मनुष्य के लिए इन चक्रों, नाड़ीतंत्रों अथवा तंत्रिका तंत्रों के ज्ञान - विज्ञान को समझना इनमें सामंजस्य स्थापित करना सदैव ही अत्यंत कठिन कार्य रहा है। अत: सामान्य मनुष्य कभी भी इस भारतीय आध्यात्मिक विज्ञान से स्वयं को जोड़ नहीं सका। परंतु वर्तमान समय में श्री माताजी निर्मला देवी जी ने इस जटिलता को सर्वसाधारण के लिए अत्यंत सुगम बना दिया है। श्री माता जी के सानिध्य में जब हम कुंडलिनी जागरण द्वारा आत्म साक्षात्कार को प्राप्त करते हैं तथा नियमित ध्यान धारणा द्वारा अपना उत्थान करते हैं तब हम सहज ही परम पिता की चैतन्यता, सूक्ष्मता, पवित्रता व स्वचालित दैवीयशक्ति ऋतंभरा प्रज्ञा से एकाकार हो पाते हैं।

श्री माताजी के अनुसार, "मानव शरीर में तीन प्रकार के नाड़ी तंत्र होते हैं पहला मध्य नाड़ी तंत्र (सेंट्रल नर्वस सिस्टम) दूसरा अनुकम्पी नाड़ी तंत्र (सिंपैथेटिक नर्वस सिस्टम) जिसका बायां व दांया भाग है, तीसरा पराअनुकम्पी नाड़ी तंत्र (पैरासिंपैथेटिक नर्वस सिस्टम)। ('परा आधुनिक युग' - पुस्तक से)। श्री माताजी ने अपनी अमृतवाणी में उपदेशित किया है कि, "हमारे सारे चक्र जिन पीठों से संचालित होते हैं वह पीठ हमारे मस्तिष्क में स्थित है और हमारे मस्तिष्क से ही सेंट्रल नर्वस सिस्टम के साथ इन चक्रों का चलन वलन हो सकता है लेकिन होता नहीं है। पैरा सिंपैथेटिक नर्वस सिस्टम से ही हम इन चक्रों को संचालित करते हैं।......... सत्य हमारे सेंट्रल नर्वस सिस्टम से ही जाना जा सकता है यही ज्ञान हमारी उत्क्रांति का लक्षण है बाकी सब दिमागी जमा खर्च है।" (16 /2 / 1985) हमारे जीवन में चक्रों, नाड़ियों व वाइब्रेशंस का सामंजस्य तभी रहता है जब हम नियमित ध्यान साधना करते हैं। बिल्कुल उसी प्रकार जैसे संगीत अथवा कला में नित्य साधना से ही आप उच्च स्तर को प्राप्त करते हैं। अत: ईश्वर भक्ति व आराधना भी सुख हो या दुख हर परिस्थिति में चलते रहना चाहिए। अपने नजदीकी सहजयोग ध्यान केंद्र की जानकारी टोल फ्री नंबर 1800 2700 800 से प्राप्त कर सकते हैं।



रणजीत टाइम्स
इंदौर, शुक्रवार 13 फरवरी 2026


# अधीक्षक पर प्रताड़ना का आरोप 50 km पैदल सफर कर शिकायत करने कलेक्ट्रेट पहुंचे छात्र

**प्रदीप सिंह बघेल**

शहडोल जिले के गोहपारू स्थित सीनियर आदिवासी कन्या आश्रम छात्रावास का मामला उस वक्त तूल पकड़ लिया, जब 6वीं और 8वीं के छात्र-छात्राएं करीब 50 किलोमीटर का सफर तय कर अपनी फरियाद लेकर कलेक्टर कार्यालय पहुंच गए। जहां उन्होंने छात्रावास की अधीक्षिका सावित्री एपीआर पर गंभीर आरोप लगाए। साथ ही छात्रों ने सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग के असिस्टेंट कमिश्नर आनंद राय सिन्हा से शिकायत दर्ज कराई है।



छात्रों का आरोप है कि छात्रावास में उन्हें मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा है। उनसे जबरन टॉयलेट साफ करवाया जाता है, खाना बनवाया जाता है और छोटी-छोटी बातों पर मारपीट की जाती है। छात्रों ने बताया कि कई बार विरोध करने पर उन्हें धमकाया भी गया। प्रताड़ना से तंग आकर उन्होंने लंबा सफर तय कर सीधे कलेक्ट्रेट पहुंचकर न्याय की गुहार लगाई।

**कार्रवाई का मिला आश्वासन**

सहायक आयुक्त आनंद राय सिन्हा ने छात्रों की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए जांच कराने और दोषी पाए जाने पर उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है। उन्होंने कहा कि आदिवासी छात्र-छात्राओं के अधिकारों से कोई समझौता नहीं किया जाएगा और अगर आरोप सही पाए गए तो सख्त कदम उठाए जाएंगे। जनजातीय छात्रावासों की व्यवस्था और निगरानी व्यवस्था पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं। अब देखना होगा कि जांच के बाद प्रशासन क्या कार्रवाई करता है और छात्रों को न्याय कब तक मिल पाता है। फिलहाल छात्रों को निष्पक्ष जांच और सुरक्षा का भरोसा दिलाया गया है।

# मानसिक रोगी ने कुए में लगाई छलांग पुलिस की सूझबूझ ने बचाई जान



**प्रदीप सिंह बघेल**

शहडोल के ब्यौहारी थाना क्षेत्र के भन्नी गांव में उस समय हड़कंप मच गया, जब मानसिक रूप से कमजोर एक शख्स ने जान देने की नीयत से खेत में बने गहरे कुएं में छलांग लगा दी। घटना के दौरान कुएं में पानी अधिक होने से वह डूबा नहीं, बल्कि कुछ देर तैरने के बाद अंदर निकले एक पत्थर के सहारे बैठ गया। पानी में कूदने की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे तो देखा कि संतोष कुएं के भीतर बैठा है और बाहर आने से इनकार कर रहा है।

पुलिस के अनुसार भन्नी गांव निवासी संतोष सिंह ने घर के पास स्थित खेत के कुएं में छलांग लगाई थी। जब ग्रामीणों ने उसे बाहर निकालने की कोशिश की तो वह धमकी देने लगा कि यदि किसी ने जबरन निकालने का प्रयास किया तो वह फिर से पानी में चला जाएगा। सूचना मिलने पर परिजन भी मौके पर पहुंचे और बताया कि संतोष की मानसिक स्थिति ठीक नहीं है, इसी कारण उसने यह कदम उठाया।

करीब दो घंटे तक चले हाई वोल्टेज ड्रामे के बाद डायल 112 पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन संतोष समझाने पर भी बाहर आने को तैयार नहीं हुआ। स्थिति को देखते हुए थाना प्रभारी जिया उल हक स्वयं घटनास्थल पहुंचे। उन्होंने सभी लोगों को कुएं से दूर हटवा दिया और युवक से अकेले में बातचीत की। थाना प्रभारी ने धैर्य और सूझबूझ से उसकी बात सुनी और भरोसा दिलाया कि उसकी हर मांग पर विचार किया जाएगा।

आखिरकार संतोष थाना प्रभारी की बातों में आ गया और रस्सी के सहारे उसे सुरक्षित कुएं से बाहर निकाल लिया गया। बाहर निकालने के बाद पुलिस ने संतोष और उसके परिजनों को समझाइश दी तथा मामले की गुरवार से जांच शुरू कर दी है। समय रहते की गई कार्रवाई से एक बड़ा हादसा टल गया।

# चार लाख से साढे चार लाख रुपए किलो का केसर 10 के विमल में कैसे, बताएं



**आदित्य शर्मा**

ब्रांड एंबेसडर अक्षय कुमार, शाहरुख खान, अजय देवगन, टाइगर श्रॉफ, और रसीला पान भंडार गुना को पेश होने का आदेश गुना के विट्ठल अहिरवार ने एक गुटखा पाउच अपने मित्र के लिए खरीदा था जिसका विज्ञापन टाइगर श्रॉफ अक्षय कुमार *अजय देवगन शाहरुख खान आदि करते हैं कि दाने-दाने में केसर का दम जब पॉज देखा तो उसके कंटेंट्स पर केसर का उल्लेख नहीं था इसलिए विट्ठल ने अपने अधिवक्ता सही शैलेंद्र सिंह यादव के माध्यम से उपभोक्ता फॉर्म गुना में परिवार प्रस्तुत किया उक्त परिवार में उपभोक्ता फॉर्म गुना ने आदेश पारित किया था कि जो फिल्म अभिनेता है वह राष्ट्रीय स्तर का विषय है और गुना उपभोक्ता फॉर्म को क्षेत्रीय अधिकार नहीं है इसलिए उनके नाम हटाकर पुनः परिवार पेश करें तब विट्ठल अहिरवार ने उक्त गुना के गुना उपभोक्ता आयोग स्वयं के आदेश के विरुद्ध अपील माननीय मध्य प्रदेश राज उपभोक्ता आयोग में अपने अधिवक्ता श्री अनुराग खास कलम के माध्यम से अपील प्रस्तुत की जिसमें सुनवाई करते हुए आदेश पारित किया है कि विमल पान मसाला बनाने वालों और इसका प्रचार करने वालों को साबित करना होगा की दाने-दाने में केसर का दम है साबित करने में नाकाम रहने पर उन्हें लाखों रुपए जुर्माना भरना पड़ सकता है गुना जिले के विट्ठल अहिरवार ने मध्य प्रदेश राज्य आयोग उपभोक्ता में अपील की है अपील नंबर (case no - FA/25/1678) कि विमल पान मसाला के ब्रांड में दाने-दाने में केसर के दावे को चुनौती दी है अपील पर सुनवाई करते हुए मध्य प्रदेश राज्य आयोग ने इस पान मसाले ब्रांड की निर्माता जेब इंडस्ट्री और इसके ब्रांड एम्बेसडर सुपरस्टार अजय देवगन अक्षय कुमार शाहरुख खान टाइगर श्रॉफ और विक्रेता रसीला पान भंडार को नोटिस भेज कर 20.01.2026 को आयोग के समक्ष पेश होने को कहा था लेकिन 20.01.2026 को कोई जवाब नहीं आया और आयोग ने 05.03.2026 को पेश होने का आदेश दिया है! अपील करता ने अपील में कहा है कि कैसर युक्तपान मसाला केवल 10 में कैसे मिल जाता है जब असली केसर 4 लाख से साढे चार लाख रुपए किलो है इसका प्रचार कर रहे अक्षय कुमार टाइगर श्रॉफ शाहरुख खान अजय देवगन सुपरस्टार जनता के बीच लोकप्रिये है लोग उन्हें रोल मॉडल मानते हैं ऐसे में पान मसाला के विज्ञापन में ब्रांड एंबेसडर दावा करके लोगों को गुमराह कर रहे हैं।




स्टार प्रचारकों के प्रभाव में आ जाते हैं युवा खाने लगते हैं पान मसाला अपील करता ने कहा कि इन चारों सुपरस्टार की युवाओं के माध्यम बड़ी लोकप्रियता है वह उन्हें आदर्श मानते हैं वह उनके प्रचार के प्रभाव में आकर पान मसाला खाना चालू कर देते हैं लगातार सेवन से 20 से 40 वर्ष की उम्र में आते-आते शारीरिक कमजोरी का शिकार हो जाते हैं।कई कैंसर से जानलेवा रोग का शिकार हो जाते हैं। इस तरह के विमल पान मसाला का प्रचार प्रसार फिल्मी सितारे करते हैं जो देश के राष्ट्रपति द्वारा सम्मानित पद्मश्री पुरस्कार हासिल कर चुके हैं इसे यह पुरस्कार वापस लेना चाहिए और प्रचार प्रसार पर तत्काल रोक लगनी चाहिए।

# क्राइम ब्रांच इंदौर पुलिस की अवैध मादक पदार्थ के विरुद्ध कार्यवाही में एक और फरार आरोपी गिरफ्तार

**आदित्य शर्मा**

**इंदौर। आरोपी - मयूर कौशिक उर्फ मयूर सिलावट नि पालदा इंदौर प्रकरण में पूर्व आरोपीगण सौरभ एवं गौरव के कब्जे से लगभग 10.46 ग्राम अवैध मादक पदार्थ "ब्राउन शुगर" ( कीमत करीब 1,10,000/- रुपए) जप्त किया गया था। आरोपी दिहाड़ी वेतन पर रिपेयरिंग आदि का कार्य करता है। अपराध क्रमांक- 19/2026 धारा- 8/21 NDPS act**

**जब्त माल का विवरण**

10.46 ग्राम ब्राउन शुगर जिसकी अंतर्राष्ट्रीय कीमत लगभग 1,10,000/-

**घटना का विवरण :-**

इंदौर पुलिस कमिश्नरेट में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी एवं उनकी गतिविधियों में संलिप्त बदमाशों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही के निर्देश




इंदौर पुलिस आयुक्त द्वारा दिए गए हैं। इसी अनुक्रम में क्राइम ब्रांच टीम द्वारा दिनांक 11.02.2026 को गिरफ्तार आरोपीगण सौरभ एवं गौरव से मिली जानकारी एवं मुखबिर सूचना के आधार पर एक और फरार आरोपी को गिरफ्तार किया जो कि मादक पदार्थ अन्य जिलों से खरीदकर इंदौर शहर में सप्लायरों को उपलब्ध करवाता था।प्रकरण में पूर्व में आरोपीयो से 10.46 ग्राम अवैध मादक पदार्थ "ब्राउन शुगर बरामद की गई थी जिसकी अगली कड़ी में पूछताछ करते आरोपी मयूर कौशिक उर्फ मयूर सिलावट नि पालदा इंदौर की जानकारी मिली जो कि घटना दिनांक से फरार था। जिसे चिन्हित कर गिरफ्तार किया गया

**पुलिस कार्यवाही-**

आरोपी के विरुद्ध थाना अपराध शाखा में अपराध क्रमांक 19/26 धारा 8/21 NDPS एक्ट के तहत् अपराध पंजीबद्ध कर, विवेचना के आधार पर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही हैं।

# बियर की बोतल से हमला करने वाले सभी अज्ञात आरोपियों को चंद घंटों मे विजय नगर पुलिस ने किया गिरफ्तार



**आदित्य शर्मा**

इंदौर। एक दूसरे से कंधा टकराने पर हुए मामूली विवाद पर किया था हमला । रिकॉर्ड समय में विजयनगर पुलिस की बड़ी सफलता, हत्या के अज्ञात आरोपियों को घेराबंदी कर किया राउण्ड अप । विजयनगर पुलिस की त्वरित कार्रवाई, तकनीकी दक्षता एवं सतत प्रयासों से आरोपी को किया गिरफ्तार थाना विजयनगर क्षेत्र में दिनांक 10/02/2026 को देर रात्रि करीब 11 बजे ऑर्बिट मॉल के पास हुई मारपीट की गंभीर घटना में घायल गोलू चंद्रवंशी की उपचार के दौरान मृत्यु हो जाने पर थाना विजयनगर में अपराध क्रमांक 128/2026 धारा 109(1), 115(2), 296 (ए), 3(5), 351 (3), इजाफा-103 बीएनएस 2023 के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर त्वरित विवेचना प्रारंभ की गई ।

घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस आयुक्त इंदौर श्री संतोष कुमार सिंह, पुलिस उपायुक्त जोन - 02 नगरीय इंदौर प्रभारी श्री कुमार प्रतीक, अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त जोन - 02 नगरीय इंदौर श्री अमरेन्द्र सिंह एवं सहायक पुलिस आयुक्त विजय नगर श्री पराग सैनी के दिशा-निर्देशन में थाना प्रभारी चन्द्रकांत पटेल स्वयं व उनकी टीम द्वारा तत्काल सीसीटीवी फुटेज, चश्मदीद साक्षियों एवं तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर अज्ञात आरोपियों की पहचान कर रिकॉर्ड समय में घेराबंदी कर गिरफ्तार किया गया। आरोपियों ने गिरफ्तारी से बचने हेतु भागने का प्रयास करते हुए नाले में छलांग लगा दी, जिससे उन्हें चोटें आई । नियमानुसार उनका उपचार कराया जा रहा है।

पूछताछ में आरोपियों ने मामूली विवाद (एक दूसरे से कंधा टकराने के बाद मारपीट कर बीयर की बोतल से हमला करना स्वीकार किया है। विजयनगर पुलिस की त्वरित कार्रवाई, तकनीकी दक्षता एवं सतत प्रयासों से गंभीर प्रकरण में शीघ्र गिरफ्तारी सुनिश्चित कर उत्कृष्ट पुलिसिंग का परिचय दिया गया है।

आरोपियों के नाम-1. अखिलेश पिता प्रकाश वासरे उम्र 22 वर्ष, निवासी प्रकाशचंद्र सेठी नगर इंदौर,

2. अमोघ एमए रैदास पिता मोहन प्रशाद रैदास उम्र 21 वर्ष निवासी विराट नगर मूसाखेड़ी,

3. आकाश कदम पिता जितेंद्र कदम उम्र 31 वर्ष निवासी प्रकाश चंद्रशेट्टी नगर इंदौर,

4. वरुण श्रीनिवास पिता राकेश श्रीवास उम्र 21 वर्ष निवासी मयूर नगर मूसाखेड़ी इंदौर.

# तीन दिवसीय म.प्र. राज्य मिलेट्स मिशन योजना अंतर्गत जिला स्तरीय कृषि मेले का श्रीमती नीना विक्रम वर्मा विधायक धार की उपस्थिति में शुभारम्भ

**दिलीप पाटीदार**

धार किसान कल्याण तथा कृषि विकास धार जिला धार के तत्वाधान में तीन दिवसीय कृषि मेले का आयोजन उदय रंजन क् लब में किया गया। कृषि मेले में मुख्य अतिथि माननीया श्रीमति नीना वर्मा विधायक धार की उपस्थिति में शुभारम्भ किया गया।कृषि मेले में विधायक द्वारा बताया की जिस प्रकार पुराने जमाने में हमारे बुजुर्ग किसान भाई परम्परागत अनाज कोदो-कुटकी, रागी, सांवा, ज्वार, बाजरा की खेती भी करते थे एवं वही अनाज खाने में भी उपयोग करते थे इसलिए गम्भीर बिमारिया नहीं होती थी। अब इस आधुनिक समय में परम्परागत अनाज को छोडकर गेहू, सोयाबीन की लगातार खेती करने से मिट्टी की उर्वरा शक्ति भी कम हो रही है किसानों अब परम् परागत कृषि की ओर ध्यान देना है शासन द्वारा किसानों के हित में मिलेट मिशन योजना शुरू की है जिसका लाभ लेकर मिलेट श्रीअन्न की खेती करना शुरू करे।वर्तमान में गेहू फसल की कटाई के बाद किसानों भाईयों द्वारा शेष नरवाई को जला दिया जाता है इससे पर्यावरण प्रदुषण एवं मिट्टी के पौषक तत् व नष्ट हो रहे है। प्रदर्शिनी का अवलोकन करने पर नरवाई प्रबंधन के देशी पाटा यंत्र किसानों को उपयोग करने की सलाह दी गई एवं नरवाई नहीं जलाने की शपथ दिलाई। कृषि मेले मे श्री अशोक डावर सभापती कृषि स्थाई समिति जिला पंचायत द्वारा मिलेट फसल को कम से कम अपने भोजन में शामिल करने एवं खेती करने के बारे में कहा गया। उप संचालक कृषि श्री ज्ञानसिंह मोहनिया द्वारा बताया की मध्यप्रदेश शासन द्वारा दिनांक 11 जनवरी से कृषक कल्याण वर्ष 2026 मनाया जा रहा है। इस अवसर पर किसानों के मध्य विभागीय योजनाओं के व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु विगत लगभग 22 दिनों से प्रत्येक ग्राम पंचायत में प्रचार-प्रसार कृषि रथ संचालित किए गये हैं जिनके माध्यम से शासन की विभिन्न कृषि योजनाओं की जानकारी किसानों तक पहुँचाई जा रही है। इसी क्रम में कृषि मेला प्रदर्शनी में 80 से भी अधिक कृषि आधुनिक प्रदर्शिनी विभिन्न कृषि आदान (खाद, बीज, दवाई) विक्रेता, जैविक एवं प्राकृतिक खेती, कृषि एवं सिंचाई उन्नत यंत्रों की प्रदर्शिनियाँ लगाई गई है। मेले में जिले के किसानों भाईयों को वैज्ञानिक एवं विभागीय अधिकारी के माध्यम से प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। जिले में मिलेट्स फसलों का रकबा क्षेत्र विस्तार कर उत्पादन एवं उत्पादकता बढाने पर जोर दिया जावेगा।मेले के तकनिकी सत्र में कृषि वैज्ञानिक डॉ. अमृतलाल बसेडिया एवं डॉ. नरेश गुप् ता द्वारा मिलेट उत् पादन तकनिकी जानकारी, प्रसंस्करण, मुल्य संवर्धन, विपणन, उन्नत बीज, मृदा परीक्षण, प्राकृतिक एवं जैविक खेती की विस्तृत जानकारी दी गई। श्री एन. के. ताम्बे सेवानिवृत्त वरिष्ठ कृषि सस्य



वैज्ञानिक द्वारा जैविक खाद तैयार करने की विधि, दलहन उत्पादन को बढावा देने और मिलेट फसल कोदो-कुटकी, ज्वार, बाजरा का रकबा कम से कम एक एकड़ में लगाने एवं प्राकृतिक तरिके से कीट नियंत्रण की विस्तृत जानकारी कृषकों को दी गई।कृषकों द्वारा लिये गये ज्ञान के आधार पर वैज्ञानिकों द्वारा पूछे गये प्रश्नों का उत्तर कृषकों द्वारा दिया गया जिन्हे पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया, साथ ही कोरोमंडल कम्पनी के प्रदर्शिनी स्टॉल में कृषि मेले में नैनो डीएपी के लक्की ड्रॉ में अशोक भारमल ने जीता सोना भव्य कृषि मेले में आज उत्साह और तकनीक का संगम देखने को मिला कृषक को मुख्य अतिथि माननीय विधायक जी के कर कमलों द्वारा 1 ग्राम सोना पुरस्कार स्वरूप प्रदान किया गया, 'गोल्डन' विजेता मेले में नैनो डीएपी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से निकाली गई कोरोमंडल के प्रतिनिधि श्री कृष्ण चंद्र पांडे विशेष रूप से उपस्थित रहे।इसी प्रकार

आरएमपीसीएल कम्पनी के लक्की ड्रॉ में श्री सूरजसिंह जामसिंह ग्राम भिलखेडी वि.ख. सरदारपुर को भी उपहार प्रदान किया गया। कृषि मेले में फार्मेटिक कम्पनी द्वारा लगाई गयी प्रदर्शिनी से कृषक श्री प्रताप रघुवंशी एवं श्री इरफान पटेल ग्राम बाग्लाबिल् लोद विकाखण्ड नालछा ट्रेक्टर खरीदा गया। साथ ही प्रदर्शिनी से ही नरवाई प्रबंधन के देशी पाटा यंत्र की 06 कृषकों द्वारा बुकींग की गई। जिला अध्यक्ष किसान मोर्चा श्री ब्रजेन्द्र सिंह द्वारा मेले में उपस्थित कृषको को कृषि वैज्ञानिक द्वारा बतायी जा रही फसलो कि उन्नत तकनिक को अपनाकर फसलो के उत्पादन बढाने संबंधित जानकारी को अमल करने के संबंध में बताया गया। इसी प्रकार श्री रतनलाल पाटीदार जिला महामंत्री किसान मोर्चा द्वारा कृषकों को मिलेट क्यों जरूरी है, इसके लिए मेले में कृषि विभाग से जानकारी प्राप्त करने की बात कही।कृषि मेले में कृषि एवं संबंद्ध विभाग, उद्यानिकी, पशुपालन, मत् स् य पालन, कृषि विज्ञान केन्द्र, कृषि अभियांत्रिकी द्वारा उन्नत कृषि यंत्र, राष्ट्रीय आजीविका मिशन, किसान उत्पादक संगठन, कृषि आदान विक्रेता, उर्वरक, बीज एवं किटनाशक कंपनी एवं डिलर, एन.जी.ओं. एकिकृत किट प्रबंधन संबंधि, एवं बायो एग्री इनपुट प्रोडक्ट संबंधि इस प्रकार कुल 80 से भी अधिक कृषि प्रदर्शिनी लगाई गई। जिले के विभिन्न क्षेत्रो के लगभग 1750 से भी अधिक कृषक उपस्थित हुये। जिसका अवलोकन मुख्य अतिथि एवं अन्य जनप्रतिनिधियों द्वारा किया गया।



# दूसरी सबसे बड़ी जीत

## श्रीलंका ने ओमान को 105 रन से हराया, मेंडिस, रत्नायके और शनाका की फिफ्टी, चमीरा-तीक्षणा को 2-2 विकेट

**पल्लेकेले (एजेंसी)।** श्रीलंकाई टीम ने टी-20 वर्ल्ड कप में लगातार दूसरा मैच जीत लिया है। टीम ने गुरुवार के पहले मैच में ओमान को 105 रन से हराया। यह श्रीलंका की टी-20 इंटरनेशनल में रन के लिहाज से दूसरी सबसे बड़ी जीत है। कैंडी के पल्लेकेले इंटरनेशनल स्टेडियम में ग्रुप-बी के इस मैच में ओमान ने टॉस जीतकर पहले बॉलिंग का फैसला किया। श्रीलंका ने 20 ओवर में 5 विकेट पर 225 रन बनाए।

जवाबी पारी में ओमान की टीम 20 ओवर में 9 विकेट पर 120 रन ही बना सकी। मोहम्मद नदीम ने 53 रन की पारी खेली। वसीम अली ने 27 रन बनाए। दुष्मंथा चमीरा और महीश तीक्षणा ने 2-2 विकेट झटके। दुनिथ वेल्लालगे, दुशन हेमंथा और कमिंदु मेंडिस को 1-1 विकेट मिला। विनायक शुक्ला और सुफियान महमूद रन आउट हुए।

इससे पहले, श्रीलंका की ओर से कुसल मेंडिस (61), पवन रत्नायके (60) और दासुन शनाका (50) ने अर्धशतक लगाए। शनाका ने 19 बॉल पर फिफ्टी लगाई। वे श्रीलंका के लिए टी-20 में सबसे तेज अर्धशतक लगाने वाले खिलाड़ी बन गए। ओमान के लिए जितेन रामानंदी ने 2 विकेट लिए। जय ओडेदरा और सुफियान महमूद को 1-1 विकेट मिला। कुसल मेंडिस रन आउट हुए।

### पवन रत्नायके प्लेयर ऑफ द मैच

पवन रत्नायके ने 28 बॉल पर 60 रन की पारी खेली। उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। मैच के बाद पवन रत्नायके ने कहा, मुझे स्पिन के खिलाफ खेलना पसंद है, लेकिन मैं हमेशा अपनी खेलने की शैली को बनाए रखने की कोशिश करता हूं।



# रोहित शर्मा 2027 वर्ल्ड कप खेलने को तैयार

## बोले-मेरा लक्ष्य देश के लिए ट्रॉफी जीतना है, बीसीसीआई ने कॉन्ट्रैक्ट में ग्रेड-B में रखा

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान रोहित शर्मा ने अपने वनडे भविष्य को लेकर जारी अटकलों पर विराम लगा दिया है। 2027 के वनडे वर्ल्ड कप में अपनी भागीदारी को लेकर रोहित ने बड़ा बयान दिया है। टी-20 और टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले चुके रोहित अब केवल वनडे फॉर्मेट में ही अंतराष्ट्रीय स्तर पर खेलते हैं। 2027 में जब वर्ल्ड कप साउथ अफ्रीका, जिम्बाब्वे और नामीबिया में शुरू होगा, तब रोहित 40 साल के होंगे। हालांकि, रोहित ने साफ किया है कि उनका लक्ष्य अभी भी टीम के साथ वर्ल्ड कप ट्रॉफी उठाना है और वह इसके लिए खुद को फिट रखने के लिए कड़ी मेहनत करने को तैयार हैं। एक आईसीसी इवेंट के दौरान रोहित ने कहा,मैं निश्चित रूप से वहां जाना चाहता हूं और अपने देश के लिए वर्ल्ड कप जीतना चाहता हूं।



### रोहित बोले-बचपन से 50 ओवर के वर्ल्ड कप का सपना देखा

रोहित शर्मा ने अपनी इच्छा जाहिर करते हुए कहा कि उस एक ट्रॉफी के लिए बहुत इंतजार और बेताबी रहती थी। उन्होंने कहा,मुझे वह ट्रॉफी चाहिए, इसलिए मैं अपनी शक्ति और क्षमता के अनुसार कड़ी मेहनत करने और उसे हासिल करने की पूरी कोशिश करूंगा। 38 साल के रोहित ने 2024 में भारत के टी-20 वर्ल्ड कप जीतने के बाद टी-20 इंटरनेशनल से संन्यास ले लिया था। वहीं, पिछले साल मई में उन्होंने टेस्ट क्रिकेट को भी अलविदा कह दिया था।

# पंजाबी सॉन्ग की फैन हुई रसियन फिगर स्केटर

## 'ना दे दिल परदेसी नूं' सॉन्ग पर बर्फ में स्केटिंग प्रैक्टिस की, बोलीं- इससे एनर्जी मिलती है

**जालंधर (एजेंसी)।** रूसी फिगर स्केटर और ओलिंपियन अनास्तासिया गुबानोवा इन दिनों सोशल मीडिया पर चर्चा में हैं। उनका एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें वह मशहूर पंजाबी गायक मोहम्मद सदीक के गीत 'ना दे दिल परदेसी नूं' पर बर्फ पर स्केटिंग की प्रैक्टिस करती नजर आ रही हैं। गुबानोवा का कहना है कि पंजाबी गीतों की जोशीली बीट उन्हें प्रैक्टिस के दौरान खास ऊर्जा देती है। इतना ही नहीं, वह भारतीय संस्कृति की भी प्रशंसक हैं। उन्होंने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर लाल ड्रेस और माथे पर बिंदी लगाए एक वीडियो पोस्ट किया, जिसे लोगों ने खूब पसंद किया। गुबानोवा ने 6 फरवरी को शुरू हुए विंटर ओलिंपिक में हिस्सा लिया था। वह ओलिंपिक में सिल्वर मेडल जीत चुकी हैं।

### 32 सेकेंड की क्लिप वायरल हुई

करीब 32 सेकेंड का यह वीडियो 8 फरवरी का है। इस वीडियो में गुबानोवा बर्फ पर शानदार मूव्स और जंप्स करती नजर आती हैं। स्केटिंग जैसे यूरोपीय खेल के साथ पंजाबी लोक संगीत का यह मेल दर्शकों को बेहद पसंद आ रहा है। गाने की हर बीट पर उनके स्टेप्स की मैचिंग उनकी महारत को दर्शाता है।



### लाल ड्रेस और बिंदी में दिखीं देसी अंदाज में

विदेशी स्केटर होने के बावजूद अनास्तासिया ने भारतीय संस्कृति के प्रति सम्मान दिखाया। लाल ड्रेस और माथे पर सजी बिंदी ने उनके लुक को खास बना दिया। उनके हाव-भाव और प्रस्तुति में भी भारतीय अंदाज की झलक साफ दिखाई दी, जिसने भारतीय दर्शकों को भावनात्मक रूप से जोड़ दिया। पंजाबी संगीत अपनी थाप और ऊर्जा के लिए जाना जाता है। गुबानोवा ने जिस तरह हर बीट के साथ अपनी स्केटिंग की गति और मूवमेंट को मैच किया, वह देखने लायक था।

### शाहरुख की मूवी के गाने पर परफॉर्म कर चुकीं

यह पहली बार नहीं है जब गुबानोवा ने भारतीय संगीत पर प्रस्तुति दी हो। इससे पहले भी वह शाहरुख खान की फिल्म अशोका के प्रसिद्ध गीत 'सन सनाना' पर परफॉर्म कर चुकी हैं, जिसका वीडियो भी वायरल हुआ था। 2026 के विंटर ओलिंपिक खेलों में भारत का कोई फिगर स्केटर शामिल नहीं है। हालांकि, अनास्तासिया की इस प्रस्तुति ने भारतीय दर्शकों को खास जुड़ाव का एहसास कराया।

# टोल जनता का, मुनाफा निजी हाथों का

## भाजपा सरकार का टोल मॉडल या खुला राजस्व घोटाला: जीतू पटवारी

**भोपाल।** मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री जीतू पटवारी ने प्रदेश की भाजपा सरकार और केंद्र की मोदी सरकार पर टोल वसूली व्यवस्था को लेकर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि मध्य प्रदेश में टोल अब मात्र उपयोगकर्ता शुल्क नहीं रहा, बल्कि जनता से संगठित लूट और निजी कंपनियों को संरक्षित मुनाफा देने का साधन बन चुका है।

श्री पटवारी ने कहा कि प्रदेश में कई टोल परियोजनाएँ ऐसी हैं जहाँ परियोजना की मूल लागत और निर्धारित लाभांश (रिटर्न) वर्षों पहले ही वसूल हो चुका है, फिर भी टोल वसूली जारी है। इसके अलावा, बिना पारदर्शी रिटेंडरिंग या ओपन बिडिंग प्रक्रिया के कई टोल नाकों को सीधे आउटसोर्स कर दिया गया है, जिसमें सरकार को मात्र 30प्रतिशत राजस्व हिस्सा मिलता है और शेष 70 प्रतिशत निजी संचालकों को चला जाता है।

**कानून, नीति और संविधान की भावना का उल्लंघन**

श्री पटवारी ने राष्ट्रीय राजमार्ग शुल्क (दर निर्धारण और संग्रह) नियम, 2008 का हवाला देते हुए कहा कि ये नियम स्पष्ट रूप से कहते हैं कि टोल वसूली अनुबंध अवधि और शर्तों तक ही सीमित होनी चाहिए। मॉडल के तहत लागत वसूली के बाद सड़क का संचालन अधिकार सरकार को हस्तांतरित होना चाहिए।

फिर भी मध्य प्रदेश में कई परियोजनाओं की अवधि समाप्त होने के बावजूद टोल वसूली जारी है, जो कानूनी उल्लंघन है। कैग की पिछली रिपोर्टों में भी



कई राज्यों में अतिरिक्त टोल वसूली, अनुबंध उल्लंघन और राजस्व हानि की बात कही गई है, लेकिन भाजपा सरकार ने कोई सबक नहीं लिया।

**रिटेंडरिंग के बिना आउटसोर्सिंग भ्रष्टाचार का क्लासिक उदाहरण**

**पटवारी ने सवाल उठाया**

कितने टोल प्लाजा ऐसे हैं जिनकी मूल अनुबंध अवधि समाप्त हो चुकी है?

किन-किन टोल नाकों को ई-टेंडरिंग या ओपन बिडिंग के बिना सीधे आउटसोर्स किया गया?

इन कंपनियों का चयन किस आधार पर हुआ? क्या कोई स्वतंत्र तकनीकी या वित्तीय मूल्यांकन हुआ?

बिना खुली निविदा प्रक्रिया के सरकारी राजस्व को निजी हाथों में सौंपना प्रशासनिक अनियमितता नहीं, बल्कि संभावित भ्रष्टाचार का स्पष्ट मामला है।

### 30 प्रतिशत सरकार को, 70 प्रतिशत निजी को – चौंकाने वाला गणित

श्री पटवारी ने उदाहरण देते हुए कहा: यदि किसी टोल प्लाजा से प्रतिदिन औसतन 10 लाख की वसूली होती है, तो मासिक 3 करोड़ बनते हैं। इसमें सरकार को 30 प्रतिशत यानी 90 लाख और निजी संचालक को 70प्रतिशत यानी 2.1 करोड़ मिलता है। प्रदेश में लगभग 90-100 टोल प्लाजा हैं (राष्ट्रीय राजमार्गों पर), तो यह मासिक 210 करोड़ से अधिक की संभावित राजस्व हानि की ओर इशारा करता है। इसके इतर राज्यकीय का आंकड़ा और भी भयाभय है ये जनता के पैसे से निजी मुनाफाखोरी का खुला खेल है।

### जनता से तिहरी-चौथी वसूली

मध्य प्रदेश की जनता पहले ही वाहन खरीद पर रोड टैक्स, जीएसटी, मोटर व्हीकल टैक्स, पेट्रोल-डीजल पर भारी उत्पाद शुल्क और वैट दे रही है। जब सड़क की लागत जनता पहले ही चुका चुकी है, तो अनंत काल तक टोल क्यों? यह उपयोगकर्ता शुल्क नहीं, राज्य प्रायोजित दोहन है।

### आरटीआई का इंतजार नहीं, स्वप्रेरित पारदर्शिता चाहिए

मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी मांग करती है कि सरकार बिना आरटीआई के इंतजार किए सार्वजनिक पोर्टल पर तुरंत अपलोड करे-

● प्रदेश के सभी टोल प्लाजाओं की सूची ● प्रत्येक परियोजना की मूल लागत ● अब तक की कुल वसूली राशि ● अनुबंध समाप्ति तिथि ● आउटसोर्सिंग अनुबंध की प्रति ● सरकार और निजी संचालक के बीच राजस्व शेयरिंग अनुपात

### भाजपा का सुशासन या राजस्व प्राइवेटाइजेशन?

श्री पटवारी ने कहा, जनता सड़क के लिए टैक्स दे चुकी है, फिर भी टोल जारी रखना और बिना पारदर्शी प्रक्रिया के निजी हाथों में सौंपना – यह सुशासन नहीं, भाजपा का राजस्व प्राइवेटाइजेशन मॉडल है।

- यदि सरकार को अपनी नीयत पर भरोसा है, तो वह
- सभी टोल अनुबंधों की स्वतंत्र वित्तीय ऑडिट कराए

**राज्य स्तर पर श्वेत पत्र जारी करे**

- लागत वसूल हो चुकी परियोजनाओं को तत्काल टोल मुक्त घोषित करे
- मुख्य मांगें सभी टोल परियोजनाओं और आउटसोर्सिंग अनुबंधों की स्वतंत्र जांच

### रिटेंडरिंग प्रक्रिया की वैधानिक समीक्षा

- अवधि पूर्ण परियोजनाओं पर तत्काल टोल समाप्ति
- टोल प्रबंधन पर राज्य स्तरीय श्वेत पत्र जारी किया जाए
- मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी जनता के हित में इस मुद्दे पर लगातार संघर्ष करेगी।

# प्रदेश में बादल छाए...दिन का टेम्प्रेचर लुढ़का

## 5 दिन में दो सिस्टम एक्टिव होंगे ; बारिश का अलर्ट नहीं, हल्की ठंड रहेगी



**भोपाल (नप्र)।** एमपी में फिर से बादल छा गए हैं। वेस्टर्न डिस्टरबेंस (पश्चिमी विक्षोक्ष) और ट्रफ के असर से भोपाल, इंदौर, ग्वालियर समेत कई शहरों में बुधवार को बादल रहे। जिससे दिन का टेम्प्रेचर भी लुढ़क गया। मौसम विभाग की माने तो अगले 5 दिन में पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र में 2 वेस्टर्न डिस्टरबेंस एक्टिव हो रहे हैं। इस वजह से बारिश का अलर्ट नहीं है, लेकिन बादल जरूर छाए रह सकते हैं। इधर, अगले 3 से 4 दिन तक ठंड का असर बरकरार रहेगा। खासकर देर रात और सुबह के समय सर्दी रहेगी। सीनियर मौसम वैज्ञानिक डॉ. दिव्या ई. सुरेंद्रन ने बताया कि वर्तमान में सिस्टम के असर की वजह से बादल है। आने वाले दिनों में दिन-रात के तापमान में बढ़ोतरी का ट्रेंड रहेगा।

**सर्दी का एक और दौर आएगा-** मौसम विभाग के अनुसार, वर्तमान में पहाड़ों में बर्फबारी हो रही है। साथ ही कई राज्यों में बारिश का दौर भी चल रहा है। सिस्टम गुजरने और बर्फ पिघलने के बाद मौसम में फिर से बदलाव देखने को मिलेगा। अगले कुछ दिन में तापमान में गिरावट का दौर भी देखने को मिल जाएगा। हालांकि, सर्दी तेज नहीं रहेगी। रात में ज्यादातर शहरों में तापमान 10 से 12 डिग्री के बीच ही रहेगा।

# वन अधिकार अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन का अभियान

## 26 हज़ार गाँवो में वन अधिकार समितियों का प्रशिक्षण

**भोपाल (नप्र)।** वन अधिकार अधिनियम 2006 के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए प्रदेश में विभिन्न स्तरों पर प्रशासनिक अधिकारियों के प्रशिक्षण-सत्रों की शुरुआत की गई है। प्रथम चरण में 21 जिला मुख्यालयों पर उपखण्ड स्तरीय वन अधिकार समिति के शासकीय एवं अशासकीय सदस्यों सहित जिला स्तर पर नामांकित मास्टर ट्रेनर्स के दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

प्रदेश में सामुदायिक वन संसाधन के अधिकार के लिए 26 हजार से अधिक ग्रामों को चिंहित किया गया है। इन अधिकारों के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए पिछले वर्ष से अभियान शुरू किया गया है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मार्गदर्शन में इसका संचालन किया जा रहा है। उपखंड स्तरीय समितियों को वन अधिकार अधिनियम के प्रावधानों के साथ विशेष रूप से सामुदायिक वन संसाधन के अधिकारों के बारे में प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

जनजातीय कार्य विभाग ने विशेष पहल करते हुए, टास्क फोर्स के विशेषज्ञों की मदद से राज्य स्तर पर 35 ''राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स'' की टीम तैयार की है। यह टीम अनुसूचित क्षेत्र के 20 जिलों की उपखंड स्तरीय समितियों के 828 सदस्यों का प्रशिक्षण पूरा करेगी। साथ ही जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स का भी प्रशिक्षण हो रहा है। ये मास्टर ट्रेनर ग्राम स्तर की वन अधिकार समितियों को प्रशिक्षित करेंगे। प्रशिक्षण कार्यक्रम 'धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्थान अभियान' के अंतर्गत किए जा रहे हैं।

जनजातीय कार्य विभाग की ओर से इन समितियों के शासकीय सदस्यों में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), अनुविभागीय अधिकारी (वन) और जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों एवं समिति में नामांकित जनपद पंचायत सदस्यों को प्रशिक्षण दिया गया। इन समितियों को सामुदायिक वन संसाधन दावों के तैयार कराने, इनका निराकरण तथा मान्यता प्रदान कराये जाने की प्रक्रिया पर प्रशिक्षण दिया गया। वन अधिकार अधिनियम 2006 में वन निवासियों के मान्य किए वन अधिकारों में सामुदायिक वन संसाधन अधिकारों का विशेष स्थान है। ये ग्राम सभाओं को अपने जंगलों के संरक्षण, प्रबंधन का अधिकार प्रदान करता है और अनुसूचित जनजाति और अन्य परंपरागत वन निवासियों को वन प्रबंधन में प्रमुख स्थान देता हैं।

# भोपाल में छात्रा के साथ कार में हुए रेप मामले का खुलासा

## ● छात्रा का एक बार नहीं 4 बार किया था रेप


**भोपाल (नप्र)।** भोपाल में 11वीं की छात्रा से रेप केस में आरोपी माज खान के खुलासों ने पुलिस को चौंका दिया है। उसने बताया है कि ओसाफ अली खान ने थार में नाबालिग से रेप किया। इस दौरान वह बाहर खड़ा था। उसी ने छिपकर वीडियो शूट किया है।

आरोपी माज खान ने बताया कि मैंने प्लानिंग पहले ही कर ली थी। कार के बाहर खड़े रहकर ग्लास से अंदर झांका और चोरी छिपे वीडियो शूट कर लिया। वीडियो को आपस में शेयर किया। लड़की को संबंध बनाने के लिए कई बार मजबूर किया। यहां तक कि वीडियो को वायरल करने की धमकी देकर छात्रा से 40 हजार रुपए भी वसूल लिए।

इधर छात्रा से खानूगांव में जिस थार में पहली बार रेप किया गया था। पुलिस ने उसे भी बरामद कर लिया है। कार को सीहोर जिले के एक गांव में माज ने छिपा दिया था। माज खान ही थार सहित चार कारों का इस्तेमाल करता था। इन चारों कारों में छात्रा से अलग-अलग समय में अलग-अलग स्थानों पर रेप किया है।

बता दें 365 जिम का संचालक माज खान 13 फरवरी तक कोहेफिजा थाना पुलिस की रिमांड पर है। उसे 8 फरवरी को कोर्ट में पेश किया गया था। पुलिस अन्य छात्राओं से भी रेप, ब्लैकमेलिंग के संबंध में पूछताछ कर रही है। वहीं मुख्य आरोपी ओसाफ अली खान (19) को जेल भेज दिया गया है। वहीं जांच के लिए चार सदस्यों की स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम (एसआईटी) बनाई गई है।

**करीबियों की तलाश, मोबाइल अब तक नहीं मिला-** पुलिस ने बताया कि जिस आईफोन से छात्रा के रेप के वीडियो शूट किए गए, वह माज का ही था। इसे माज ने राजस्थान में तोड़कर फेंकने की बात कही है। वह लगातार अपनी बात पर कायम है। पुलिस उसके मोबाइल फोन को अब भी जब्त नहीं कर सकी है। माज के दो अन्य करीबियों की पुलिस तलाश कर रही है। कई बार पूछताछ के लिए बुलाने पर भी ये दोनों थाने नहीं पहुंचे हैं। लिहाजा, पुलिस को यकीन हो चला है कि दोनों की भूमिका भी केस में संदिग्ध रही है। इसी के चलते वह पुलिस से भाग रहे हैं। हालांकि, पुलिस का कहना है कि अब तक कोई दूसरी पीड़िता सामने नहीं आई है। शिकायत मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।



माज़ खान, आरोपी

**सियाज, स्विफ्ट और हॉण्डा सिटी में वारदात-** माज की निशानदेही पर सोमवार रात तीन कार- मारुति सियाज, स्विफ्ट और हॉण्डा सिटी जब्त कर ली गई। इन सभी कारों में अलग-अलग जगह पर माज के साथी ओसाफ अली खान ने छात्रा के साथ रेप किया था। पुलिस का कहना है कि माज अपने मोबाइल को लेकर लगातार गुमराह कर रहा है। उसका कहना है कि वह ख्वाजा गरीब नवाज की दरगाह में जियारत के लिए अजमेर गया था। वहां जैसे ही लव जिहाद केस में अपना नाम आने की जानकारी मिली, उसने मोबाइल फोन तोड़कर जंगल में फेंक दिया। 3 फरवरी को कोर्ट में पेशी के दौरान वकीलों ने ओसाफ की पिटाई की थी।

**रेप केस की जांच के लिए एसआईटी गठित-** मामले की जांच के लिए चार सदस्यों वाली स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम (एसआईटी) बनाई गई है। इस टीम को टीटी नगर एसीपी अंकिता खातरकर लीड करेंगी। एसआईटी में महिला पुलिस स्टेशन इंचार्ज और कोहेफिजा पुलिस स्टेशन इंचार्ज को भी शामिल किया गया है। एसआईटी यह भी जांच करेगी कि कहीं आरोपियों ने अन्य युवतियों को भी अपना शिकार तो नहीं बनाया। साथ ही, पीड़ित छात्रा आरोपियों के संपर्क में कैसे आई, इसकी भी जांच होगी। आरोपी माज की भूमिका, वीडियो बनाए जाने और उससे जुड़ी परिस्थितियां भी शामिल होंगी। एसआईटी की टीम पीड़िता से मुलाकात कर बयान दर्ज करेगी। वहीं दोनों आरोपियों से कड़ी पूछताछ की जाएगी। इसके अलावा आरोपी औसाफ और माज के दोस्तों की भूमिका को लेकर भी जांच की जाएगी। नाबालिग छात्रा के साथ कार में दुष्कर्म, ब्लैकमेलिंग और धर्म परिवर्तन के लिए दबाव बनाने के आरोप हैं।

**एमडी तस्करी केस में जमानत पर है माज का भाई-** दरअसल, 2 फरवरी को कोहेफिजा पुलिस ने 11वीं कक्षा में पढ़ने वाली नाबालिग छात्रा की शिकायत पर एफआईआर दर्ज की थी। पीड़िता ने खानूगांव इलाके में कार में रेप करने, धर्म बदलने का दबाव बनाने और अश्लील वीडियो बनाकर वायरल करने के आरोप लगाए थे।

## श्रीमहाकाल राजसी सवारी का

### अनवरत प्रसारण पर मिला World Greatest Record का प्रमाण पत्र

इंदौर। आकाशवाणी इंदौर को World Greatest Record का प्रमाण पत्र प्राप्त हुआ है। विगत वर्ष 18 अगस्त को श्रीमहाकाल राजसी सवारी का आकाशवाणी इंदौर की क्रियेटिव टीम द्वारा अनवरत 05.30 घंटे तक सजीव ऑखों देखा हाल प्रसारित किया था, जिसे मध्यप्रदेश स्थित आकाशवाणी के सभी 19 केंद्रो द्वारा एक साथ रिले किया गया। इस अभूतपूर्व कार्य की सराहना करते हुए इसे World Greatest Record की सूची में दर्ज किया गया। इस उपलक्ष्य में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में आकाशवाणी इंदौर की प्रसारणकर्ता की टीम में प्रमुख भूमिका निभाने वाले श्री ब्रहमप्रकाश चतुर्वेदी, सुधा शर्मा, श्री उदित तिवारी, श्री मुकामसिंह चौहान, श्री अखिलेश बाथम के साथ तकनीकी टीम से श्री सुदर्शन अंसोलिया एवं श्री अभय कुमार गुप्ता और कार्यक्रम विंग के साथियों को World Greatest Record के प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए। कालिदास संस्कृत अकादमी उज्जैन के परिसर में आयोजित इस भव्य समारोह में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आकाशवाणी की अभूतपूर्व उपलब्धि राष्ट्र के गौरवशाली इतिहास में एक नया रिकार्ड स्थापित करने की बात कही। ये रिकार्ड Nirvin World's Greatest Record (NWGR) द्वारा प्रदान किए गए, जिसमें संस्था की सचिव सुश्री लतिका शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहीं।

## वृद्धजनों के शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक स्वास्थ्य पर आयुष विभाग का स्वास्थ्य शिविर सम्पन्न

इंदौर। जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में जिला आयुष अधिकारी एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण संचालनालय सामाजिक विभाग भारत सरकार के संयुक्त तत्वावधान में जिले के वृद्ध एवं वरिष्ठजनों का स्वास्थ्य परीक्षण, योग अभ्यास एवं शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक स्वास्थ्य पर व्याख्यान आदि कार्यक्रम के लिए शिविर का आयोजन किया गया। महिला उत्कर्ष संस्थान गणेश बुजुर्ग आश्रम बाणगंगा इंदौर में आयोजित इस शिविर में 46 वरिष्ठजनों ने उपस्थित होकर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ लिया।